कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-01.03.2025

विषय:- थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा वाहन चोरी करने के मामले में कुल 04 नफ़र अभियुक्तगण गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के कुशल नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-062/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 व बढ़ोतरी धारा 317(2),317(5) बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1. हर्षित कुमार द्विवेदी पुत्र संजय कुमार द्विवेदी निवासी-म0नं0 61 ग्राम घटेहा तहसील-त्योथर जिला रीवा मध्य प्रदेश, 2. जितेन्द्र कुमार तिवारी पुत्र शिवप्रसाद तिवारी निवासी-ग्राम चाटी थाना होलागढ़ जनपद प्रयागराज, हालपता-टाईप 1 बोर्ड आफिस आवासीय कालोनी पहाड़पपुर थाना कैण्ट वाराणसी, 3. अखिलेश सिंह पुत्र श्यामनाथ सिंह निवासी-ग्राम पोस्ट चेवटा थाना कप्तानगंज जिला आजमगढ़, हालपता-टी 1/66 ब्लाक नं0 09 पहाड़पुर पुलिस लाईन पाण्डेयपुर थाना कैण्ट वाराणसी व 4. आदित्य यादव उर्फ टिंकू यादव पुत्र प्रदीप यादव निवासी-एस 5/24 पहाड़पुर पुलिस लाइन के पास थाना कैंट वाराणसी को मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी गये 01 अदद वाहन टाटा मैजिक मय माल (170 पेटी रियल जूस) के साथ दिनांक-28.02.2025 को समय करीब 23.10 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 28.02.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने अज्ञात चोर द्वारा दिनांक-27.02.2025 को वादी/प्रार्थी का वाहन (मैजिक) मय 170 पेटी माल के चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर में मु0अ0सं0-0062/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया । जिसकी विवेचना उ0नि0 अम्बरीश दूबे थाना लालपुर पाण्डेयपुर द्वारा सम्पादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- चारों अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि यह वाहन सं0 UP 65 DT 0970 रिंग रोड से आगे आजमगढ़ रोड से हम चारों व्यक्तियों ने मिलकर चुराया है और इस गाड़ी के अन्दर रियल जूस की पैकेट हैं जिसको हम चारों लोगों ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की गली में छिपा कर रखा था। आज इस रियल जूस के पैकेट को बेचने के लिये जा रहे थे कि आप लोगों ने हमें पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. हर्षित कुमार द्विवेदी पुत्र संजय कुमार द्विवेदी निवासी-म0नं0 61 ग्राम घटेहा तहसील-त्योथर,जिला रीवा,मध्य प्रदेश, उम्र 23 वर्ष।
2. जितेन्द्र कुमार तिवारी पुत्र शिवप्रसाद तिवारी निवासी-ग्राम चाटी थाना होलागढ़ जनपद प्रयागराज, हालपता-टाईप 1 बोर्ड आफिस आवासीय कालोनी पहाड़पपुर थाना कैण्ट वाराणसी, उम्र 23 वर्ष।
3. अखिलेश सिंह पुत्र श्यामनाथ सिंह निवासी-ग्राम पोस्ट चेवटा,थाना कप्तानगंज जिला आजमगढ़, हालपता-टी 1/66 ब्लाक नं0 09 पहाड़पुर पुलिस लाईन पाण्डेयपुर थाना कैण्ट वाराणसी, उम्र 32 वर्ष।
4. आदित्य यादव उर्फ टिंकू यादव पुत्र प्रदीप यादव निवासी-एस 5/24 पहाड़पुर पुलिस लाइन के पास थाना कैंट वाराणसी, उम्र 30 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

चोरी गया 01 अदद वाहन टाटा मैजिक रंग सफेद वाहन सं0-UP65DT0970 जिसका चेसिस नं0 MAT445554EZH36233 तथा इंजन नं0 275IDI06HVYS82749 मय माल (170 पेटी रियल जूस)।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

माध्यमिक शिक्षा परिषद गेट के पास से, दिनांक-28.02.2025 को समय करीब 23.10 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 62/2025 धारा 303(2),317(2),317(5) बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

थानाध्यक्ष विवेक कुमार पाठक, उ0नि0 अम्बरीश दूबे, उ0नि0 विद्यासागर, उ0नि0 विजेन्द्र सिंह, हे0का0 प्रमोद कुमार यादव, का0 मनीष कुमार तिवारी, का0 बृजेश कुमार व का0 रामप्रकाश सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरूणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।